प्रचालित हैं। बस बदलने की सुविधाओं के साथ ये सेवाएं इन यात्रियों की जरूरतें पूरी करने के लिए पर्याप्त समझी जाती हैं। प्रचालन संबंधी बाधाओं और बेड़े में बसों के अभाव की स्थिति के कारण प्रत्येक कालोनी को सीधी बस सेवा प्रदान करना संभव नहीं है।

**पूर्वी दिल्ली स्थित विद्यालयों में अध्यापकों की कमी**

161. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के पूर्वी भाग में स्थित विद्यालयों में अध्यापकों की कमी के कारण इन विद्यालयों के छात्रों को बड़ी असुविधा हो रही है तथा उन्हें उचित रूप से शिक्षा उपलब्ध नहीं हो पा रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" हो तो उसके क्या कारण हैं और क्या सरकार इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो इसका ब्योरा क्या है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० शाही) :** (क) से (ग) एक न्यायालय मामले की वजह से चुने गये अध्यापकों के पैनल को रोके रखने के कारण दिल्ली प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे दिल्ली के पूर्वी भाग में स्थित स्कूलों में अध्यापकों की कमी थी। अब पैनल जारी कर दिये गये हैं। पूर्वी जिले के लिए विभिन्न पैनलों से कुल 269 व्यक्तियों को मुक्त किया गया है, जिनके ब्यौरे नीचे दिए गये हैं :—

| | |
|---|---|
| प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (विज्ञा० ए) | 71 |
| प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (विज्ञा० बी) | 42 |
| प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (सामा०) | 72 |
| शारीरिक शिक्षा अध्यापक | 27 |
| भाषा अध्यापक | 57 |

**Railway accidents/derailments**

162. SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of railway accidents took place during November, 1987 in the Northern Railway division;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) what is the number of accidents reported during this period; and

(d) what is the number of cases of derailments at stations, in midsection, at level crossing and in the yards and of movement of trains against signals?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) to (c) Yes, Sir. 38 consequential train accidents took place on Northern Railway during November, 1987. All these were reported and the details are as under:—

| | Category | Number |
|---|---|---|
| | Collision | 1 |
| | Derailments | 30 |
| | Accidents at level crossings | 6 |
| | Fire in trains | 1 |
| (d) | Derailments at stations | 15 |
| | Derailments in mid-section | 13 |
| | Accidents at level crossings | 6 |
| | Yard derailments | 100 |

There was one case of movement against signal, resulting in collision.